हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 7 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 14. 0 डिग्री

2 बम्हनीडीह तहसील में खुला लिंक कोर्ट, चांपा जाने से मिलेगी निजात



## खबर संक्षेप

### कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाला प्रधान आरक्षक निलंबित

**अकलतरा।** पुलिस व्यवस्था को अनुशासित और पारदर्शी बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने कड़ी कार्रवाई करते हुए थाना अकलतरा में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक को निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना अकलतरा में पदस्थ प्रधान आरक्षक अजय सिंह कंवर द्वारा रोजनामचा लेखन का कार्य समय पर नहीं किया जा रहा था। इसके साथ ही ड्यूटी के दौरान उनके द्वारा शराब सेवन किए जाने की भी शिकायत सामने आई थी। विभागीय जांच में कर्तव्य के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता की पुष्टि होने पर मामले को गंभीरता से लिया गया। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने तत्काल प्रभाव से प्रधान आरक्षक अजय सिंह कंवर को निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया।

### आदतन गुंडा बदमाश एक साल के लिए हुआ जिला बदर

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बिरगहनी निवासी आदतन गुंड बदमाश सांतनु सांडे को जिला बदर किया गया है। उसके खिलाफ लोगों के साथ मारपीट कर लडाई झगड़ा करने की शिकायत है। इसके बाद भी उसकी प्रवृत्ति में कोई सुधार नही हुआ है। जिसे देखते हुए एसपी ने कलेक्टर को प्रतिवेदन सौंपा था। जिसके आधार पर कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिला जांजगीर -चाम्पा व सरहदी जिला सक्ति, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, बलौदा बजार से जिला बदर की कार्यवाही की है।

### विधायक के नेतृत्व में हुआ आंदोलन, व्यापारी व विभिन्न वर्ग ने दिया समर्थन

# नैला आरओबी और रेलवे की समस्याओं को लेकर किया नगर बंद व चक्का जाम

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में रेलवे से संबंधित समस्याओं के विरोध में शुक्रवार को नगर बंद व चक्काजाम कर प्रदर्शन किया गया। विधायक के नेतृत्व में चले आंदोलन को व्यापारी संघ व अन्य वर्गो ने भी समर्थन दिया। नैला रेलवे ओव्हरब्रिज समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पूरे 8 घंटे तक मुख्य मार्ग पर चक्काजाम किया गया। अधिकारियों की ओर से मिले लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त हुआ।

जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में सुविधाओ के विस्तार के साथ ही नैला फाटक पर आरओबी निर्माण जैसी बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर शुक्रवार 6 मार्च को जिला मुख्यालय में रेलवे के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया गया। जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप के नेतृत्व में आंदोलन सुबह 6 बजे शुरू हुआ। स्टेशन रोड पर परशुराम चौक के पास विधायक अपने समर्थकों समेत धरने पर बैठ गए। सड़क के बीचो बीच बड़ा पंडाल लगाया गया था। इससे स्टेशन मार्ग पूरी तरह से अवरूद्ध हो गया। आंदोलन की सुचना पूर्व में ही जिला प्रशासन और रेलवे प्रशासन को दे दी गई थी, ऐसे में सुबह से ही मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस और रेलवे पुलिस की टीम तैनात हो गई थी। जैसे जैसे दिन चढ़ता गया वैसे वैसे गहमा गहमी भी बढ़ती गई। इधर व्यापारी संगठन ने भी आंदोलन को समर्थन देते हुए नैला रोड में अपनी दुकानें बंद रखी। वहीं अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह और जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने भी मौके पर पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया। दोपहर करीब 12 बजे बिलासपुर से रेलवे के अधिकारी जांजगीर पहुंचे। एडीआरएम जे.एस. मीणा, सीनियर डीसीएम अनुराग कुमार सिंह, सीपीएम राजीव कुमार समेत जिला प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में विधायक ब्यास कश्यप और प्रतिनिधि मंडल के रेलवे स्टेशन के बंद कमरे में करीब दो घंटे तक चर्चा चली। इस दौरान मांगों पर सहमति तो बनी मगर अधिकारियों की ओर से लिखित में नहीं दिए जाने पर नाराज विधायक समेत अन्य लोग आंदोलन स्थल पर पहुंचकर फिर से प्रदर्शन करने लगे। दोपहर करीब ढाई बजे रेलवे और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मांगों पर लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ।

उल्लेखनीय है कि जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में साउथ बिहार और गोडवाना एक्सप्रेस के ठहराव की मांग लंबे समय से की जा रही है। वहीं नैला रेलवे फाटक में आरओबी की मांग भी बहुप्रतीक्षित है। इसके अलावा नहरिया बाबा मंदिर के पास फुट ओव्हरब्रिज की भी मांग हो रही है। इन मांगों को लेकर 7 मई 2025 को विधायक ब्यास कश्यप ने प्रदर्शन किया था, तब रेलवे के अधिकारियों ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। यही वजह रही कि शुक्रवार को नगर में चक्काजाम का उग्र आंदोलन किया गया।




स्टेशन रोड में चक्काजाम कर प्रदर्शन करते विधायक व अन्य।

### कार्य के लिए तय हुई टाइम लिमिट

रेलवे और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ हुई चर्चा में काम के लिए समय सीमा भी तय की गई। नैला आरओबी के लिए 15 सितंबर तक प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने, नहरिया बाबा मंदिर फुट ओव्हरब्रिज के लिए भू अर्जन प्रक्रिया पूर्ण होने के 12 माह के भीतर कार्य पूर्ण करने, मिशन गेट चांपा में अंडरब्रिज निर्माण कार्य 18 माह में पूर्ण करने पर सहमति बनी। वहीं जांजगीर नैला स्टेशन में साउथ बिहार और गोडवाना एक्सप्रेस के ठहराव के लिए पुनः रेलवे के सक्षम अधिकारी को पत्र भेजने की बात कही गई। इधर कार्यो की प्रगति की संबंध में जिला कार्यालय में प्रति माह समीक्षा की भी बात कही गई।

# गोरखापाली में खूनी संघर्ष, दो पक्षों में जमकर बवाल, वाहनों को किया आग के हवाले

### पुलिस छावनी में तब्दील हुआ गांव

.हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

मालखरौदा थाना क्षेत्र के गांव गोरखापाली में होली के दिन दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के बाद दोनों पक्षों की ओर से जमकर मारपीट की गई। खूनी संघर्ष में कोटवार गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसे बिलासपुर रेफर किया गया है। वहीं आक्रोशित लोगों ने बाइक, ट्रेक्टर, थ्रेसर, डीजे पिकअप और घर को आग के हवाले कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह हालात पर काबू पाया। गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

जिला मुख्यालय सक्ती से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत गोरखापाली में 4 मार्च होली की सुबह 11 बजे के लगभग गांव के कोटवार रथ राम गोड़ को जान से मारे जाने के प्रयास की खबर जैसे ही गांव में फैली ग्रामीण जबरदस्त उग्र हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने कोटवार की पिटाई करने वालों के घर पहुंच कर तोड़फोड़ करते हुए मारपीट की और आगजनी की घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है सबसे पहले गांव के ही सुखदेव कुर्रे तथा तीन अन्य लोगों ने गांव के तालाब के पास कोटवार रथराम गोंड़ को बुलाकर लकड़ी की बल्ली से सिर एवं पैर में जोरदार प्रहार कर दिया। इस दौरान बीच बचाव करने वाले सरपंच पति को भी चोट आई। इस बात की जानकारी सरपंच पति ने कोटवार की पत्नी को दी, तो ग्रामीणों की सहयोग से वाहन के माध्यम से इलाज के लिए सक्ती अस्पताल ले गए। इसके बाद गुस्साए ग्रामीण मारपीट करने वाले ग्रामीणों का घर पहुंचे तथा आरोपियों के घर डीजे,पिकअप ,ट्रैक्टर,थ्रेशर में आग लगा दी। घटना की सूचना पर मालखरौदा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस जब तक पहुंची तब तक सब कुछ जलकर स्वाहा हो गया था। दल बल के साथ पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया। हालांकि पुलिस के पहुंचते ही दोनों पक्षों के लोग भाग निकले। पुलिस ने सरपंच पति सनत पटेल की शिकायत पर मालखरौदा थाने में सुखदेव कुर्रे एवं अन्य के खिलाफ धारा 296 351(3)115(2)109(1)3(5) भारतीय दंड संहिता की के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। दूसरी ओर अनामिका कुर्रे की शिकायत पर मुकेश तथा अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 296 251(3) 115 (2) 326 (f) 324(,4 )333 ,191(1)के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। इधर दूसरी ओर अनुसूचित जाति के लोगों के साथ मारपीट किए जाने की जानकारी मिलने पर भीम आर्मी के लोग बड़ी संख्या में 5 मार्च को थाना परिसर में पहुंचकर कार्यवाही की मांग को लेकर डटे रहे। गोरखापाली में हुए इस घटना के बाद माहौल को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो चुका है। पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी लगातार गांव में पेट्रोलिंग कर रहे हैं। थाना प्रभारी प्रवीण चंद्र राजपूत मौके पर डभरा ,मालखरौदा, सक्ती, जैजैपुर के पुलिस कर्मियों के साथ डटे हुए हैं।



आग से जलकर खाक हुए वाहन।




## खबर संक्षेप

### राजस्व प्रकरणों के समय पर निराकरण को लेकर दी जाएगी प्राथमिकता



**तुस्मा।** शिवरीनारायण तहसील में पदभार ग्रहण करने के बाद नव पदस्थ तहसीलदार महेन्द्र लहरें एवं नायब तहसीलदार चन्द्र कुमार साहू का जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने दोनों अधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। स्वागत समारोह के दौरान तहसीलदार महेन्द्र लहरें ने कहा कि वे राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण को अपनी प्राथमिकता बनाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम नागरिकों को अपने कार्यों के लिए अनावश्यक रूप से तहसील कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें,इसके लिए कार्यालयीन प्रक्रिया को सरल,पारदर्शी और जनहितैषी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तहसील प्रशासन शासन और जनता के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में कार्य करता है, इसलिए जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ कार्य करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि लंबित राजस्व मामलों की समीक्षा कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा नामांतरण,बंटवारा, सीमांकन और अन्य राजस्व संबंधी मामलों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी,ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा या शिकायत की स्थिति उत्पन्न न हो। तहसीलदार ने यह भी भरोसा दिलाया कि वे आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनेंगे और त्वरित समाधान का प्रयास करेंगे। नायब तहसीलदार चन्द्र कुमार साहू ने भी अपने संबोधन में निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। जनप्रतिनिधियों ने यह भी उम्मीद जताई कि तहसील कार्यालय में पारदर्शिता और जवाबदेही की नई कार्यसंस्कृति विकसित होगी।समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में उपस्थित नागरिकों ने नव पदस्थ अधिकारियों के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके प्रयासों से क्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी तथा आमजन को त्वरित एवं प्रभावी सेवाएं मिल सकेंगी।

### मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन विधेयक को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने पेंशनरों की मांग

**चांपा।** पेंशनर एवं परिवार पेंशनर की सेवा में सक्रिय रूप से कार्यरत राष्ट्रीय स्तर की संगठन भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ विगत कई वर्षों से प्रमुखता से यह मांग करती रही है कि मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन विधेयक 2000 की धारा 49(6) के कारण छत्तीसगढ़ के लाखों पेंशनरों को तथा राज्य सरकार को प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए का आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस कारण मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन विधेयक 2000 की धारा 49(6) को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जावे। छत्तीसगढ़ सरकार के महत्वाकांक्षी योजना सुशासन तिहार के अंतर्गत भी भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के पदाधिकारियों, सदस्यों ने आवेदन देकर इस विधेयक को समाप्त करने की मांग किया था। इस मुद्दे को मुखरता से उठाने के बाद भी सरकार इसे गंभीरता से नहीं ले रही थी। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश का यह मानना है कि मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन 2000 की धारा 49(6) के कारण छत्तीसगढ़ सरकार प्रतिवर्ष दो हजार करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान हो रहा है। विधान सभा में अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने इस बात का उल्लेख किया है कि पेंशन मद में दस हजार करोड़ रुपए मध्यप्रदेश सरकार से प्राप्त किया जाना है। छत्तीसगढ़ के जिम्मेदार वित्त अधिकारियों के कारण छत्तीसगढ़ सरकार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। बजट सत्र में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ ने सरकार से अपेक्षा किया था कि सरकार पेंशनरों की मांगों पर विचार कर विधान सभा में घोषणा करे। जिसमें जुलाई 2025 से 3 प्रतिशत महंगाई राहत एरियर्स सहित भुगतान करने,सभी जिलों में पृथक पेंशन कार्यालय स्थापित करने,वरिष्ठ नागरिक कल्याण आयोग का गठन करने ,पेंशनर कल्याण निधि के बजट में वृद्धि करने,पेंशनरों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा प्रदान करने आदि प्रमुख है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला शाखा जांजगीर चांपा के अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार ने चालू बजट सत्र में चर्चा के दौरान सरकार पेंशनरों के हित में उचित निर्णय लेकर पेंशनरों की निराशा को समाप्त कर इसे सच्चे अर्थों में समावेशी बजट साबित करे।

### नामांतरण, बंटाकन व सीमांकन सहित मामलों का होगा निराकरण

# बम्हनीडीह तहसील में खुला लिंक कोर्ट, चांपा जाने से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

तहसील क्षेत्र बम्हनीडीह के लोगों को अब राजस्व संबंधी कामों के लिए चांपा तक लंबा सफर तय नहीं करना पड़ेगा तहसील बम्हनीडीह में अब प्रत्येक शुक्रवार को लिंक कोर्ट लगाया जाएगा, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए स्थानीय स्तर पर ही सुविधा मिल सकेगी। इसका शुभारंभ फीता काटकर और सरस्वती पूजा अर्चना के साथ किया गया।

गौरतलब है कि बम्हनीडीह ब्लाक अंतर्गत 59 ग्राम पंचायत आते है। साथ ही ब्लाक की आबादी 1 लाख 80 हजार से अधिक है। बम्हनीडीह और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अब तक अपनी राजस्व संबंधी समस्याओं को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से मिलने चांपा तहसील जाते थे कई ग्रामीणों को दूर-दराज के गांवों से घंटों का सफर तय करना पड़ता था, अब बम्हनीडीह में ही लिंक कोर्ट लगने से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य राजस्व मामलों के निराकरण में सुविधा मिलेगी। स्थानीय स्तर पर व्यवस्था होने से लोगों का समय और खर्च दोनों की बचत होगी। प्रशासन का उद्देश्य है कि ग्रामीणों को उनके क्षेत्र में ही त्वरित और सुलभ न्याय मिल सके तथा लंबित मामलों का जल्द निपटारा हो सके। एसडीएम पवन कोसमा ने दी लोगों को सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम पवन कोसमा ने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि राजस्व सेवाएं लोगों तक आसानी से पहुंचें और उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि लिंक कोर्ट की व्यवस्था से बम्हनीडीह और आसपास के गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपनी राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए लिंक कोर्ट का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और वकील बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। लिंक कोर्ट के शुभारंभ अवसर पर तहसीलदार शशिभूषण सोनी, मंडल अध्यक्ष आशीष तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सोनू जायसवाल, आनंद अग्रवाल, रमेश डडसेना, पवन केसरवानी, पिंटू केवट, सोनचरण डड़सेना, शंभू दास महंत, रामलाल जायसवाल, भूपेंद्र डडसेना सहित वकील संघ के सदस्य, पटवारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को क्षेत्र की जनता के लिए उपयोगी और राहत देने वाला कदम बताया है। बम्हनीडीह में ही लिंक कोर्ट लगने से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य राजस्व मामलों के निराकरण में सुविधा मिलेगी।



फीता काटकर लिंक कोर्ट का शुभारंभ करते अतिथि।



## होली पर सिर्फ रंग नहीं बल्कि अपने विचारों को भी सकारात्मक रंगों से सजाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जाँजगीर के विद्यालय परिसर में होली मिलन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाया गया। इस रंगारंग आयोजन में विद्यार्थी गण, शिक्षक - शिक्षिकाएं एवं स्कूल प्रबंधन के सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर प्रेम, भाईचारे और सहयोग का संदेश सम्पूर्ण विद्यालय समुदाय तक पहुंचाया है।

होली मिलन समारोह में स्कूल प्रबंधन के सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, डायरेक्टर श्रीमति अनुश्री राठौर, श्रीमति चंचल अग्रवाल के सुखद सान्निध्य में किया गया, जहाँ सभी ने मिलकर होली के पावन अवसर पर आनंद और मित्रता का अनुभव किया। पूरा गुरुकुल परिवार रंगों से सराबोर, मस्ती के तराने एवं बासंती गीत गाते हुए थिरक रहे थे। सचिव दीपक राठौर ने कहा कि प्राचीन पौराणिक कथा में हमें बुराई पर अच्छाई की विजय का महान संदेश मिलता है। यह हमें याद दिलाता है कि सत्य, प्रेम और धैर्य हमेशा विजयी होते हैं। इसी भावना को लेकर हम सब को अपने जीवन में सकारात्मकता, सहयोग और सद्भावना की ओर अग्रसर रहना चाहिए। प्रिय विद्यार्थियों, आप सब युवा शक्ति हैं और आप ही आने वाला कल बनेंगे। इसीलिए यह आवश्यक है कि आप अपने दिलों में सहिष्णुता, समरसता और मानवीयता के रंग भरें। इस होली पर सिर्फ रंग नहीं, अपने विचारों को भी सकारात्मक रंगों से सजाएँ। यही असली होली है। कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि "होली केवल अबीर-गुलाल के रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह प्रेम, मित्रता और सौहार्द का प्रतीक भी है। यह हमें याद दिलाता है कि सकारात्मक सोच और अपनापन ही हमें एक सशक्त समाज की ओर ले जाता है। प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि "आज हम सब यहाँ एकत्रित हुए हैं, रंगों के इस पावन पर्व के माध्यम से सद्भावना, प्रेम, एकता और परस्पर सहयोग का सुंदर संदेश साझा कर सकें। होली का त्योहार सांस्कृतिक पहचान, आत्मीयता और भाईचारे की भावना का प्रतीक भी है। स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव शदीपक राठौर, कोषाध्यक्ष शविजय कुमार अग्रवाल और निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, तनिष अग्रवाल, प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा, प्रशासक विपिन गुप्ता ने सभी के प्रति आभार जताया।

### महाकाली संगठन ने किया खुशियों की टोकरी का वितरण



**जांजगीर-चांपा।** होली पर महाकाली संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा एक विशेष सेवा अभियान खुशियों की टोकरी का सफल आयोजन किया गया। यह पूरा कार्यक्रम स्वामी सुरेंद्रनाथ के देश्य सेवा ही देवो भवः की प्रेरणा और संगठन के संस्थापक एवं संगठन प्रमुख डॉ. सार्थक राठौर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। खुशियों की टोकरी का वितरण इस अभियान के तहत बच्चों को विशेष 'होली किट' वितरित की गई, जिसमें त्वचा के अनुकूल हर्बल गुलाल,पानी रंग,होली टोपी, पारंपरिक गुझिया, पिचकारी, बिस्किट, मिक्सचर, स्टेशनरी किट शामिल थे। जिनमें मुख्य रूप से सीमांक राठौर, प्रथम राठौर, पारस राठौर, सूर्यांश, बिट्टू, राहुल महंत, आशीष, ओम, अभय, सागर, राहुल, रितेश, ऋषि, यक्ष, प्रशांक, गजेंद्र उपस्थित थे। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने बच्चों और स्थानीय निवासियों को केमिकल मुक्त रंगों के इस्तेमाल के लिए जागरूक किया। साथ ही, 'बेजुबानों की सुरक्षा' का संदेश देते हुए लोगों से अपील की गई कि वे सड़क पर रहने वाले जानवरों पर रंग न डालें, क्योंकि यह उनकी त्वचा और आँखों के लिए घातक और हानिकारक हो सकता है। संगठन का मानना है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना ही ईश्वर की सच्ची पूजा है।इस अभियान में संगठन के स्थानीय युवाओं का विशेष सहयोग रहा। बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान ने इस होली के उत्सव को और भी यादगार बना दिया।

### पारम्परिक तरीका से पैरा पुटू उगाने व तकनीक सीख रहीं महिलाएं

**बहेराडीह।** ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान नन्दौरखुर्द में आयोजित 13 दिवसीय क्रृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक गांव में क्रृषि और पशुपालन के को लेकर काम कर रहीं बिहान की क्रृषि सखी व पशु सखियों को संस्थान के प्रभारी निदेशक मनोज वर्मा के मार्गदर्शन में फेकेल्टी विक्टर कोसरिया, आशीष कुमार पाठक, मितेश साहू, संगीता सोनी, प्रदीप साहू व परमेश्वर सिदार के सहयोग से मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव के द्वारा क्रृषि अवशेष को खेत खेत में जलाने के बजाय उससे परंपरागत तरीके से पैरा पुटू उगाने तथा पशुओं को खिलाने पैरा का यूरिया उपचार की विधि सिखाई जा रहीं है। मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव ने बताया कि धान या गेहूँ का पैरा सामान्यतः कच्चा रेशा अधिकप्रोटीन बहुत कम यूरिया उपचार के बाद कच्चा प्रोटीन 7–9 प्रतिशत तक बढ़ जाता है और पाचन क्षमता सुधरती है।

## संगीत और योग से निखर रहा नौनिहालों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

शासकीय (सरकारी) पीएमश्री कन्याशाला बलौदा प्राथमिक शाला में अध्ययनरत नौनिहाल छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित पढ़ाई के साथ-साथ संगीत एवं योग शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विद्यालय में वर्तमान में लगभग 65 छात्र-छात्राएँ अध्ययनरत हैं, जिन्हें शैक्षणिक गतिविधियों के साथ रचनात्मक एवं स्वास्थ्यवर्धक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है।

- **सरकारी पीएमश्री कन्याशाला बलौदा के प्राथमिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को मिल रही उत्कृष्ट शिक्षा।**

विद्यालय की संगीत शिक्षिका अंकिता मिरी द्वारा छात्र-छात्राओं को संगीत की बारीकियों का उत्कृष्ट ज्ञान दिया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थी सुर, ताल और लय सीखते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता कर रहे हैं। बताया जाता है कि शासकीय पीएमश्री कन्याशाला बलौदा प्राथमिक शाला में अध्ययनरत नौनिहाल छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित पढ़ाई के साथ-साथ संगीत एवं योग शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संगीत शिक्षा से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं रचनात्मक क्षमता का विकास हो रहा है। इसी प्रकार योग शिक्षक राकेश यादव द्वारा प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जा रहा है। योग के माध्यम से छात्र-छात्राओं को शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन तथा एकाग्रता बनाए रखने की शिक्षा दी जा रही है। नियमित योग अभ्यास से बच्चों में सकारात्मक सोच और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।विद्यालय प्रबंधन के अनुसार नई शिक्षा नीति के अनुरूप शासकीय विद्यालय में बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सांस्कृतिक विकास को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे छात्र-छात्राएँ शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार और स्वस्थ जीवनशैली भी सीख सकें।सरकारी पीएमश्री प्राथमिक शाला बलौदा की यह पहल क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास का प्रेरणादायक उदाहरण बन रही है।



संगीत शिक्षा का अभ्यास करते छात्राएं।

## राष्ट्रीय विज्ञान कार्यक्रम के तहत छात्रों ने दी ज्ञानवर्धन मॉडल की प्रस्तुति

**अकलतरा।** श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल के विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मॉडल प्रस्तुतीकरण, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बीजों के अंकुरण, सूक्ष्मदर्शी, मानव फेफड़े के मॉडल, पोस्टर मेकिंग सहित विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। इन मॉडलों के माध्यम से छात्रों ने न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि विज्ञान के प्रति अपनी गहरी रुचि और समझ का परिचय भी दिया।आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के बहुमुखी विकास को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों को आज के वैज्ञानिक युग में नवाचार और राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण बताया गया। इस प्रकार की गतिविधियों से छात्रों को अपने विचारों को व्यावहारिक रूप देने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर मिलता है।महाविद्यालय के संचालक डॉ. जे.के. जैन एवं प्राचार्य डॉ. शिखा सिंह ने छात्रों द्वारा तैयार मॉडलों का निरीक्षण कर उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों को भविष्य में वैज्ञानिक, इंजीनियर और नवाचारी बनने के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया।कार्यक्रम में डॉ. प्रतिमा रानी द्विवेदी, ओमप्रकाश सोनी, अरविंद कुमार, संजीव चौहान, श्वेता सिंह चंदेल, दुर्गा टंडन, संध्या सिंह, कमलकांत साहू, नवीन आदित्य, नगेंद्र कुमार जांगड़े सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट एवं बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए।



मॉडल के साथ छात्र छात्राएं।

## शराब नीति में पूर्व सीएम बरी, संविधान की जीत : मिश्रा

**अकलतरा।** दिल्ली के शराब नीति मामले में कोर्ट द्वारा अरविंद केजरीवाल एवं मनीष सिसोदिया के विरुद्ध किसी भी प्रकार का दोष सिद्ध नहीं होने पर उन्हें बरी करने का आदेश दिए जाने के बाद आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगर के शास्त्री चौक में हर्ष व्यक्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि कोर्ट के निर्णय से यह सिद्ध हो गया कि ईडी एवं सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल व मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के नेताओं को झूठे मुकदमे में फंसा कर उन्हें प्रताड़ित करते हुए आम आदमी पार्टी को तोड़ने का प्रयास किया था। जिला महासचिव विनय गुप्ता ने कहा कि सीबीआई द्वारा फर्जी मुकदमे डालकर बीजेपी और कांग्रेस के नेताओं ने षडयंत्र करके अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के साथ आम आदमी पार्टी को बदनाम किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्षा महिला विंग श्रीमती मिथिलेश बघेल, रामगोपाल गोरहा, जिला उपाध्यक्ष राहुल राय, भागवत साहू, पामगढ़ विधानसभा प्रभारी ललित बघेल, गणेश बिंद, प्रेम नारायण पांडेय, कृष्णा पटेल साहेबलाल यादव, शिव नारायण सिंह ऋषि यादव, मेलूराम कश्यप सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नाम परिवर्तन सूचना



अंजनी मधुकर

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अंजनी दिव्य पति छोटेलाल मधुकर निवासी वार्ड नं. 10 यादव मोहल्ला चारपारा ग्राम पोंड़ीशंकर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) ने अपना यह पुराना नाम परिवर्तित कर श्रीमान नोटरी चांपा के समक्ष एक शपथ पत्र निष्पादित करते हुए अब नवीन नाम अंजनी मधुकर पति छोटेलाल मधुकर वार्ड नं. 10 यादव मोहल्ला चारपारा ग्राम पोंड़ीशंकर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) आधार नं. 4696 71038686 कर लिया है । अतः आज से मुझे मेरे नवीन नाम अंजनी मधुकर पति छोटेलाल मधुकर से जाना, पहचाना एवं पुकारा जावे। साथ ही मेरे समस्त शासकीय दस्तावेजों में भी दर्ज किया जावें। स्थानः- चांपा
दिनांकः- 06.03.2026

**सूचनाकर्ता**
**अंजनी मधुकर**
**पति छोटेलाल मधुकर**
**जाति सतनामी**
**चारपारा ग्राम-पोंड़ीशंकर**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**मो. नं. 7748080557**

---

आदेशिका क्र. 61/26 सिविल एम.जे.सी क्र. 5 / 2025 पेशी तारीख : 02.04.2026

**न्यायालय श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश महोदय कुटुम्ब न्यायालय जांजगीर जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**

01. पुनाराम काटले उम्र 54 वर्ष पिता हेतराम काटले 02. सैम काटले उम्र 07 वर्ष पिता पुनाराम काटले क्रमांक 02 नाबालिग बली पिता पुनाराम काटले जाति सतनामी निवासी वार्ड नं. 22 जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.).....आवेदकगण

**बनाम**

आम जनता जो हितबद्ध हो.....अनावेदक
प्रति,
आम जनता, जिनका हित हो,

इस न्यायालय में आवेदक पुनाराम काटले उम्र 54 वर्ष पिता हेतराम काटले जाति सतनामी निवासी वार्ड नं. 22 जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) के द्वारा एक आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 10 संरक्षण एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई दिनांक 02.04.2026 को दिन के 11.00 बजे मेरे न्यायालय में होगी। अतः उक्त आवेदन पर आम जनता या किसी भी व्यक्ति का कोई हित-हक हो तो सुनवाई दिनांक 02.04.2026 को मेरे समक्ष स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता / अधिवक्ता के माध्यम से, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो, सुनवाई में भाग ले तथा अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा, आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र का निराकरण आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जायेगा।

नोटः- यदि किसी कारणवश उपरोक्त सुनवाई दिनांक 02.04.2026 को सार्वजनिक अवकाश होने पर अथवा कार्य स्थगित होने पर उक्त प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जायेगी।

अतः आज दिनांक 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय जांजगीर**
**जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**

## युवाओं को आगे बढाने के लिए सकारात्मक सोच के साथ करना चाहिए कार्य : कश्यप


हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ कहरा समाज द्वारा नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह

- **जिला मुख्यालय जांजगीर के आडिटोरियम में कहरा समाज का शपथ ग्रहण समारोह**

का आयोजन जांजगीर के ऑडिटोरियम भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ब्यास कश्यप मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अतिविशिष्ठ अतिथि के रूप में इंजीनियर रवि पाण्डेय एवं नगर पालिका जांजगीर अध्यक्ष रेखा देवा गढ़वाल रही। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान रामजानकी की प्रतिमा में ज्योति प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ब्यास कश्यप ने कहरा समाज प्रदेशाध्यक्ष मुकेश राकेश एवं महासचिव हरिहर आदित्य को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। तत्पश्चात सभी पदाधिकारियों को सेवानिवृत जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ लाल कटकवार द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया एवं सभी केंद्राध्यक्षों को भी शपथ ग्रहण कराया गया। रवि पाण्डेय एवं रेखा देवी गढ़वाल ने मंच को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कहरा समाज को शिक्षा में और आगे बढ़ने एवं समाज को ज्यादा से ज्यादा संगठित होने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि ब्यास कश्यप ने मंच से समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के युवाओं को समाज को आगे बढ़ाने का दायित्व निभाना चाहिए। विधायक ने मंच से कहरा समाज भवन जांजगीर के निर्माण कार्य के लिए बीस लाख रुपए अनुदान राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन कहरा समाज युवा संगठन के संरक्षक लखेश्वर आदित्य एवं दीपक आदित्य के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में देव व्रत आदित्य प्रांताध्यक्ष मछुआ महासंघ कल्याण समिति, गायत्री गणवाल प्रदेशाध्यक्ष देवेश कुमार सिंग वरिष्ठ समाजसेवी नवीन धीवर, संतोष मल्लाह, अध्यक्ष देव कुमार आदित्य लखेश्वर आदित्य दीपक आदित्य अशोक कटकवार लालमणि राकेश माधुरी आदित्य, रविशंकर कटकवार, शिवमोहन बघेल एवं सचिव खिलावन आदित्य द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।



समाज के पदाधिकारियों को सम्मानित करते विधायक ब्यास कश्यप।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन कल

**जांजगीर-चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बालिकाओं एवं महिलाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने और उनकी प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1 दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 8 मार्च को प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन हॉकी खेलो इंडिया सेंटर जांजगीर, हैंडबॉल मैदान जांजगीर, नेटबॉल मैदान जांजगीर, बास्केटबॉल मैदान जांजगीर तथा कराते एवं फेसिंग के लिए सांस्कृतिक भवन जांजगीर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों की आयु 12 वर्ष से अधिक निर्धारित की गई है। जिले के विभिन्न खेल संघों से संबंधित बालिका एवं महिला प्रतिभागियों की सूची 7 मार्च को सायं 05 बजे तक जिला खेल अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराने कहा गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों की आयु 12 वर्ष से अधिक निर्धारित की गई है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# होली की वो पार्टी जिसमें जुटता था पूरा बॉलीवुड

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे मशहूर होली पार्टियों की बात की जाए तो आज भी दिवंगत राज कपूर की होली पार्टी का नाम सबसे ऊपर आता है। बताया जाता है कि राज कपूर अपने बेटों रणधीर कपूर, ऋषि कपूर और राजीव कपूर और भाइयों शशि कपूर, शम्मी कपूर और नंदी कपूर के साथ मिलकर आर के स्टूडियो में होली पार्टी होस्ट करते थे, जिसमें ना केवल उनका पूरा खानदान, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री की कई दिग्गज हस्तियां शामिल होती थीं। दिलीप, प्राण, प्रेमनाथ, अमिताभ बच्चन, सिंगर मुकेश, संगीतकार जोड़ी शंकर-जयकिशन और मनमोहन समेत सभी सेलेब्स इस पार्टी के दौरान रंग में सराबोर नज़र आते थे।

लाइफ Style



# एलनाज
## मैं ईरान गई तो वो मार देंगे

बॉलीवुड और वेब सीरीज दर्शकों के बीच लोकप्रिय एलनाज नौरोजी ने एक बार फिर अपनी राय को पद पर रखकर सुर्खियां बटोरी हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के पर प्रतिक्रिया देते हुए एलनाजने स्पष्ट किया है कि वह अपने देश ईरान वापस नहीं जा सकतीं, क्योंकि उन्हें जान का खतरा है।

एजेंसी ⏭ मुंबई


एलनाज ने 2017 में एक पाकिस्तानी फिल्म से अपना एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। इसके बाद 2018-19 में उन्होंने सैक्रेड गेम्स के दो सीजन में जोया का किरदार निभाया, जिससे उन्हें अपार पॉपुलैरिटी मिली। वह अभय, मेड इन हेवेन, जग जग जीयो और मस्तीज 4 जैसे प्रोजेक्ट्स में भी नजर आ चुकी हैं। 2023 में उन्होंने जेरार्ड बटलर के साथ हॉलीवुड फिल्म कंधार से वहां डेब्यू किया था। एक नए इंटरव्यू में एलनाज ने कहा है कि वह अपने देश ईरान नहीं लौट सकती हैं, क्योंकि अगर ईरान गईं तो उन्हें मार दिया जाएगा। बॉलीवुड और टीवी सेलेब्स भी इस मसले पर अपनी-अपनी राय रख रहे हैं। एक इंटरव्यू में एलनाज ने साफ किया कि उनका विरोध ईरान के लोगों के खिलाफ नहीं, बल्कि वहां के शासन यानी इस्लामिक रिपब्लिक के खिलाफ है। उन्होंने कहा, 'जब हम ईरान की बात करते हैं, तो मैं इस्लामिक रिपब्लिक और ईरान के लोगों के बीच फर्क करना चाहूंगी। इस्लामिक रिपब्लिक ने देश पर कब्जा कर रखा है। ईरान के ज्यादातर लोग स्मार्ट और पढ़े-लिखे हैं और उनकी मान्यताएं इस्लामिक रिपब्लिक से अलग हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक समय ईरान के इजराइल और अमेरिका से भी अच्छे संबंध थे।

हॉलीवुड मसाला



# बुराई पर जीत हासिल करेगी अच्छाई

**लॉस एंजिल्स।** इजरायली हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद मिडिल ईस्ट में संघर्ष तेजी से फैल गया है। 3 मार्च को प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'दुनिया में बहुत कुछ हो रहा है, यह कठिन और भारी है, लेकिन प्रकाश हमें रास्ता दिखाता है। यहां बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए होलिका दहन।' उनका यह संदेश उन चुनौतियों के बीच आया है, जो हाल ही में यूएस-ईरान संघर्ष और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर में महसूस किए जा रहे हैं।



# एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए किया काम

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर अमेरिकी एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया। वे 53 साल के थे। उनकी मौत सिनेमा जगत के लिए किसी नुकसान से कम नहीं। उनकी मौत एमियोट्रोफिक लैटरल स्क्लेरोसिस नाम की गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी से हुई। एरिक ने अप्रैल 2025 में इस बीमारी की खबर सबके साथ शेयर की थी। इसके बाद वे एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए काम किया। परिवार ने एएलएस को लेकर जागरुकता फैलाने और दूसरे मरीजों की मदद करने के लिए काफी कोशिशें कीं। परिवार ने फैन्स से मिले प्यार और सपोर्ट के लिए आभार जताया और प्राइवेसी की अपील की है। एरिक डेन को खासतौर से **ABC** के पॉपुलर मेडिकल ड्रामा 'ग्रेज एनाटॉमी' में डॉ. मार्क स्लोन (जिन्हें 'मैकस्टिमी' कहा जाता था) के किरदार के लिए जाना जाता है। उन्होंने 2006 में सीजन 2 में कैमियो से शुरुआत की।



# अजनबी एक-दूसरे को दे रहे थे दिलासा...

**मुंबई।** एक्ट्रेस ईशा गुप्ता भारत लौट आई हैं। वह मिडिल ईस्ट में बढ़ते झगड़ों के बीच अबू धाबी में फंस गई थीं। वापस आने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है और बताया कि वहां उन्होंने क्या देखा और क्या सुना। आइए आपको बताते हैं कि अबू धाबी में वो कैसे फंसी और भारत कैसे वापस आईं। ईशा ने लिखा, '28 फरवरी के दिन मैं अबू धाबी के एयरपोर्ट पर थी। दोपहर के 1 बजे रहे थे और एयरपोर्ट बंद हो गया था। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था। बस चारों ओर अफरा-तफरी मची हुई थी। फिर मिसाइल हमले की खबरें आने लगीं और किसी को नहीं पता था कि अगले मिनट हमारे साथ क्या होगा। अजनबी एक-दूसरे को दिलासा दे रहे थे, सभी अपने परिवार को फोन कर रहे थे।' ईशा ने आगे लिखा, 'मैंने चेक-इन नहीं किया था इसलिए मैं वापस होटल चली गई थी।



# शबाना और जावेद ने मनाई होली ...

**मुंबई।** कई जगह होली आज मनाई जाएगी, लेकिन बॉलीवुड सेलिब्रिटीज कल ही होली के रंग में रंग गए। जावेद अख्तर और शबाना आजमी ने अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज भी परिवार संग होली खेलते नजर आए। होली के रंग में बॉलीवुड भी रंग गया है। कई सेलिब्रिटीज के होली मनाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। हर कोई होली की मस्ती में डूबा नजर आ रहा है। अपनों को रंग लगाया जा रहा है। कई सेलेब्स अपने बच्चों संग होली खेल रहे हैं। शबाना आजमी और जावेद अख्तर ने हर साल की तरह इस बार भी अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। इसमें कई बॉलीवुड सेलेब्स नजर आए। ऋचा चड्ढा को भी इस होली पार्टी में देखा गया।

टीवी मसाला



# शादी के बाद पार्टनर संग पहली होली खेलेंगे ये टीवी सितारे

**नई दिल्ली।** होली की रौनक अभी से ही चारों तरफ देखने को मिल रही है। होली का त्योहार बेहद खास होता है और टीवी के कई कपल्स ऐसे हैं जिनके लिए ये और भी ज्यादा खास होने वाला है। क्योंकि, ये उनकी शादी के बाद पहली होली होने वाली है। इस लिस्ट में हिना खान-रॉकी जायसवाल से लेकर सारा खान-कृष पाठक तक का नाम शामिल है।

**हिना-रॉकी** : टीवी एक्ट्रेस हिना खान और रॉकी जायसवाल यूं तो सालों से साथ में होली मनाते नजर आ रहे हैं। लेकिन ये होली उनकी शादी के बाद की पहली होली होगी। दोनों बीते साल जून में ही शादी के बंधन में बंधे थे।

**सारा-कृष** : सारा खान और कृष पाठक के लिए भी होली का त्यौहार बेहद खास होने वाला है, क्योंकि ये शादी के बाद उनकी पहली होली होने वाली है। सारा खान और कृष पाठक ने जहां बीते साल अक्टूबर में कोर्ट मैरिज की थी तो वहीं दिसंबर में दोनों ने बिग फैट वेडिंग की।

**जिया-वरुण** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस जिया मानेक और एक्टर वरुण जैन की भी शादी के बाद ये पहली होली होगी। दोनों ने बीते साल परिवार और दोस्तों की खास मौजूदगी में शादी रचाई थी।

**अंकुर -लीना** : अंकुर वर्मा और लीना वर्मा बीती 25 फरवरी को ही शादी के बंधन में बंधे हैं। दोनों की शादी के बाद ये न केवल पहली होली होगी, बल्कि उनका साथ में पहला त्यौहार भी होगा। अंकुर वर्मा ने हरियाणा में अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड लीना वर्मा के साथ शादी रचाई थी।

**रूपल-नोमिष** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस रूपल त्यागी ने बीते साल दिसंबर में बॉयफ्रेंड नोमिश भारद्वाज के साथ शादी रचाई थी। शादी के बाद दोनों साथ में पहली होली मनाते नजर आएंगे। रूपल और नोमिश को अक्सर साथ में रोमांटिक पोस्ट डालते हुए देखा जाता है।

**अश्लेषा-संदीप** : अश्लेषा सावंत और संदीप बसवाना यूं तो बीते कई सालों से लिव-इन रिलेशनशिप में हैं और साथ ही होली मनाते हैं। लेकिन बतौर शादीशुदा कपल दोनों की ये पहली होली होगी। उन्होंने बीते साल नवंबर में शादी की थी।

**अविका -मिलिंद** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस अविका गोर और मिलिंद चंदवानी की भी शादी के बाद ये पहली होने वाली है। दोनों ने बीते साल 'पति पत्नी और पंगा' में शादी रचाई थी। यूं तो पहले भी कई त्योहार के लिए वे साथ रह चुके हैं, लेकिन बतौर शादीशुदा ये उनकी पहली होली होगी।

# बॉलीवुड की मशहूर होली पार्टियों में मिलती है मस्ती, रंगों और सौहार्द की झलक ...

**मुंबई।** होली भारत के सबसे जीवंत और व्यापक रूप से मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है, और बॉलीवुड अक्सर संगीत, नृत्य और रंगों का संगम करने वाली कुछ बेहतरीन होली पार्टियों का आयोजन करता है। बॉलीवुड की होली पार्टियों में हमेशा से एक जादुई आकर्षण रहा है, जो त्योहार की उमंग और बॉलीवुड की चकाचौंध का अद्भुत संगम है। बच्चन परिवार की पारिवारिक होली पार्टियों से लेकर शाहरुख खान की सितारों से सजी पार्टियों तक, ये यादगार पार्टियां बॉलीवुड के इतिहास में एक किंवदंती बन गई हैं। इन आयोजनों के कुछ खास पल अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल हो जाते हैं, जिससे प्रशंसकों को बॉलीवुड की होली पार्टियों को खास बनाने वाले मस्ती, रंगों और सौहार्द की झलक मिलती है। ये पार्टियां बॉलीवुड की मस्ती और ग्लैमर का अनुभव करने का एक शानदार तरीका हैं।



***बच्चन परिवार की होली पार्टी :*** बॉलीवुड के सबसे चर्चित आयोजनों में से एक है। अमिताभ बच्चन और उनका परिवार, जिसमें उनके बेटे अभिषेक बच्चन और बहू ऐश्वर्या राय बच्चन शामिल हैं, अपने प्रतिष्ठित घर 'जलसा' में भव्य होली उत्सव का आयोजन करते हैं। इस आयोजन में परिवार, दोस्त और फिल्म जगत के सहकर्मी शामिल होते हैं। बच्चन परिवार की होली पार्टियों में पारंपरिक अंदाज तो होता ही है, साथ ही बॉलीवुड की स्टार पावर और ग्लैमर भी झलकती है।

***मन्नत में शाहरुख खान की होली पार्टी :*** शाहरुख खान के प्रतिष्ठित घर मन्नत में आयोजित होली पार्टियां बेहद लोकप्रिय हैं। शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान अपनी शानदार और स्टाइलिश होली पार्टियों के लिए जानी जाती हैं। उनकी पार्टियां आमतौर पर ग्लैमर और मस्ती का मिश्रण होती हैं, जहां बॉलीवुड सितारे, डिजाइनर और समाजसेवी लोग शामिल होते हैं। इंटीरियर डिजाइन में अपनी महारत के लिए मशहूर गौरी, सजावट को हमेशा शानदार बनाए रखती हैं।

# वो रोमांटिक फिल्म, 7 दिन में कमाए 100 करोड़ होली के सुपरहिट सॉन्ग ने तड़पाए जवां दिल

*नई दिल्ली। होली रंगों का त्योहार है। इस त्योहार में मस्ती का आलम कुछ और ही रहता है। दिनभर लोग होली के गानों पर नाचते हैं। होली के गानों में 2013 में आई 'ये जवानी है दीवानी' का एक गाना 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' भी जरूर बजता है। इस गाने और इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को बनने की कहानी मजेदार है। इस गाने के शुरुआती बोल कुछ और थे। 'ये जवानी है दीवानी' 2013 में आई एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म थी जिसे अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की कहानी अयान मुखर्जी और हुसैन दलाल ने लिखी थी. प्रोड्यूसर करण जौहर थे। फिल्म में रनबीर कपूर, दीपिका पादुकोण लीड रोल में थे। कल्कि कोचलिन और आदित्य रॉय कपूर भी नजर आए थे। अयान मुखर्जी ने 2009 में 'वेक अप सिड' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अयान मुखर्जी ने अपनी ज्यादातर फिल्में रनबीर कपूर के साथ ही बनाई हैं।*

## बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी



'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' सॉन्ग के बारे में गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था, 'ओरिजनल लाइन गाने में ही है। बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी, बोले रे जमाना खराबी हो गई। मेरे अंग राजा, जो तेरा रंग लागा, तो सीधी-सादी छोरी शराबी हो गई। तो बृज की कन्या शराबी हो गई. गाने को सुनकर संगीतकार प्रीतम और डायरेक्टर ने कहा कि थोड़ा इसे मॉडर्न कर दो। मैंने कहा कि लाइन तो सही है। इतना अच्छा तो लग रही है। फॉक जैसा ही लग रहा है। फिर उन्होंने कहा कि पहली लाइन तो सही लेकिन दूसरी लाइन को थोड़ा बदल दो। फिर मैंने 'जींस पहनके जो तूने मारा ठुमका, तो लट्टू पड़ोसन की भाभी हो गई।'

### म्यूजिक प्रीतम ने किया था कंपोज

फिल्म का म्यूजिक प्रीतम चक्रवर्ती ने कंपोज किया था। उन्होंने पहली बार धर्मा प्रोडक्शंस के लिए काम किया था। गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य थे। उन्होंने ही इस फिल्म का सबसे पॉप्युलर होली सॉन्ग 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी तो सीधी सादी छोरी शराबी हो गई' लिखा था।'

## हिंदी फिल्मों में हमेशा से होली को बड़े ही खास अंदाज में दिखाया जाता है

# आज भी याद किए जाते हैं इन फिल्मों के ये होली सीन्स

**नई दिल्ली। देशभर में आज होली मनाई जाएगी। होली को लेकर हर किसी में एक अलग ही जोश देखने के मिलता है। हिंदी फिल्मों में भी हमेशा से होली को बड़ी ही खास अंदाज में दिखाया जाता है। आज हम आपको ऐसी 7 होली सीन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके बिना शायद फिल्म अधूरी लगती।**

***शोले :*** बॉलीवुड की आइकॉनिक फिल्म शोले का होली सीन कोई कैसे भूल सकता है, जब अचानक पूरे गांव में होली का जश्न मातम में बदल जाता है। मूवी में हेमा मालिनी, जया बच्चन, अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, संजीव कुमार जैसे कलाकार लीड रोल में थे। शोले में होली स्पेशल के तौर पर होली के दिन दिल खिल जाते हैं गीत दिखाया गया था। इसके बाद गांव में डाकू गब्बर सिंह की एंट्री होती है और फिल्म का पूरा क्लाईमैक्स बदल जाता है।

***दामिनी :*** इस लिस्ट में मीनाक्षी शेषाद्री, ऋषि कपूर और सनी देओल स्टारर फिल्म 'दामिनी' भी है। फिल्म में होली का सीन है जिसमें सब अच्छे से होली खेल रहे होते हैं और रंग- गुलाल एक दूसरे को लगा रहे होते हैं। होली का फायदा उठाकर फैमिली के ही कुछ लोग घर में काम करने वाली नौकरानी का गैंगरेप करते हैं। इसके बाद एक तरफ जहां परिवार के लोग उसे बचाने की कोशिश करते हैं वहीं, दूसरी तरफ घर की बहू दामिनी यानी मीनाक्षी उसे इंसाफ दिलाने की लड़ाई लड़ती है।





***कबीर सिंह :*** शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म 'कबीर सिंह' का होली सीन भी काफी जबरदस्त था। इसमें दिखाया गया था कि कैसे कुछ कॉलेज सीनियर स्टूडेंट कियारा को जबरदस्ती रंग लगाते हैं, जिसके बाद कबीर सिंह को इतना गुस्सा आता है कि वो उन्हें बुरी तरह से पीटता है।

***डर :*** यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म डर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। दरअसल, डर में होली स्पेशल सॉन्ग अंग से अंग लगाना दिखाया गया है। इसके अंत में राहुल (शाह रुख खान) जबरदस्ती किरण यानी जूही चावला को रंग लगा देता है, जो सुनील यानी सनी देओल को पसंद नहीं आता है और वह उसका पीछा करता है। इसके बाद डर की कहानी का क्लाईमैक्स चेंज हो जाता है।

***मिर्जापुर :*** इस लिस्ट में फेमस वेब सीरीज मिर्जापुर का होली सीन भी शामिल है। इसमें दिखाया गया कि होली के जश्न के दौरान झगड़ा हो जाता है। जब एक डांसर के साथ मुन्ना भैया डांस करने लगते हैं और इसके बाद दूसरे नेता जी थोड़े नाराज हो जाते हैं और बुरा मान जाते हैं।

***पद्मावत :*** संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत में कई बढ़िया सीक्वेंस देखने को मिले थे। इन्हीं में से एक था होली का सीन और उसका गाना होली। इस गाने में जहां पद्मावत और रतन का रोमांस चल रहा था, वही खिलजी अपनी चाल को पलटने की तैयारी करता है।

***कटी पतंग :*** राजेश खन्ना और आशा पारेख स्टारर फिल्म कटी पतंग में होली स्पेशल गीत खेलेंगे हम होली गीत के बाद दोनों के बीच प्रेम कहानी का सिलसिला शुरू हो जाता है, जो काफी रोमांचक नजर आता है।

### खबर संक्षेप

## पूर्णमासी शबरी कीर्तन एवं मासिक सत्संग आयोजित



**खरौद।** माह के प्रथम रविवार को खरौद के प्राचीन सबरी मंदिर में भजन कीर्तन एवं मासिक सत्संग आयोजित किया गया। सर्वप्रथम माता शबरी की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात महिला कीर्तन मंडली द्वारा होली के अवसर पर जोश एवं उल्लास के साथ फाग गीत गाया गया। अध्यात्म परिषद के हेमलाल यादव ने होली के प्रासंगिकता एवं पवित्रता का उल्लेख करते हुए कहा कि होली एक पवित्र प्रेम एवं एवंआपसी भाईचारा के साथ बनाने का हिंदुओं का एक प्रमुख त्यौहार है। इसमें सब आपसी बैर भावको त्याग कर एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर गले मिलते हैं पर आज के परिवेश में यह विकृत सा हो गया है। इस पर हमें चिंतन करना चाहिए। अध्यक्ष परिषद के अध्यक्ष एवं शबरी भजन कीर्तन मंडली के संयोजक शिवरात्रि यादव ने सबका स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए फाग गीत की सराहना करते हुए कहा कि हमें प्रहलाद की तरह भगवान में अटूट श्रद्धा एवं विश्वास रखना चाहिए त्यौहार में विकृति नहीं लानी चाहिए मांस मदिरा का सेवन नहीं करना चाहिए। जीवन में ऐसा कोई कार्य न करें जिस में हमारी बदनामी या निंदा हो। इस कार्यक्रम को स्वर्गीय जगदीश यादव की धर्मपत्नी एवं छठ बाई आदित्य द्वारा विशेष सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम में चंद्रप्रभा यादव, गौरी यादव, फागनीआदित्य, त्रिवेणी यादव, कीर्तन मति, राजकुमारी, भुनेश्वरी, तेरसबाई, तीजमति, जमुना, मंदोदरी, प्रेमी, सहोदर निर्मलकर, राधिका बाई, रमांआदित्य, मंटोरा आदित्य, सावित्रीबाई, पुष्पा आदित्य, जीवनबाई सोनी, बेदिनआदित्य, सोन कुंवर, कावेरी यादव, श्यामा बाई, नर्मदा यादव, रामकली, सावित्री साहू, छठ बाईआदित्य, दुलारी आदित्य, त्रिवेणी आदित्य, मदालसा यादव, रामेश्वरी श्रीवास, ने भाग लिया।

## पूर्व शिक्षा मंत्री सत्यनारायण शर्मा का शिवरीनारायण आगमन आज

**शिवरीनारायण।** अविभाजित मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री सत्यनारायण शर्मा का शिवरीनारायण आगमन शनिवार 7 मार्च को होगा।



वे श्री महन्त लाल दास कला एवं विज्ञान महाविद्यालय शिवरीनारायण के स्नातक द्वितीय वर्ष एवं स्नाकोत्तर पूर्व के छात्र-छात्राओं द्वारा अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के विदाई एवं आशीर्वाद समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्योतिंद्रनाथ ठाकुर मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भिलाई इस्पात संयंत्र करेंगे। कार्यक्रम में राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। इनके अतिरिक्त अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शासकीय दूधाधारी वैष्णव दास स्नाकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय रायपुर के सेवा निवृत प्राचार्य डॉ राधा पांडे एवं सेवानिवृत्ति प्राध्यापक तोय निधि वैष्णव व विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षण समिति के सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह होंगे।

### निधन

## बी.आर. शर्मा

**जांजगीर-चांपा।** समीपस्थ ग्राम उदयबंद निवासी



प्रतिष्ठित नागरिक सेवानिवृत प्राचार्य बीआर शर्मा का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे राजेंद्र शर्मा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामवासी शामिल हुए।

## रेतक बाई सिदार

**मालखरौदा।** ब्लॉक मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत वीरभाठा के रेतक बाई सिदार पति ढोलोसिंह सिदार



का 66 वर्ष की उम्र में गुरुवार 5 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं स्वजातीय बंधुओं के अलावा ग्रामवासी बड़ी संख्या में शमिल हुए। मुखाग्नि छोटे पुत्र विशंभर सिंह सिदार ने दी।

### नगाड़ों की थाप पर झूमते रहे लोग, सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस

# होली पर जमकर उड़े रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अंचल में रंगो का त्यौहार होली सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर युवाओं, महिलाओं के साथ बच्चों ने जमकर होली खेली। दूसरी ओर शासन द्वारा त्यौहार के मद्देनजर मदिरा विक्रय पर प्रतिबंध लगाया था जिसके कारण पहले दिन देशी-विदेशी शराब दुकानों में लोगों की भारी भीड़ रही। इधर शांति व्यवस्था बनाए रखने इस बार चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रही। होलिका दहन के दिन से ही सभी थाना एवं चौकी प्रभारी के साथ पेट्रोलिंग पार्टी गश्त करती रही। इस बार बाजार में हर्बल गुलाल के साथ चायनिज पिचकारी व रंग-गुलाल गायब की मांग खासी रही। वहीं होली के अवसर पर मुर्गे, बकरे और मछली की भी खूब बिक्री हुई।

रंग उमंग का पर्व होली बुधवार 4 मार्च को जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसके पूर्व 2 एवं 3 मार्च की रात्रि फाग गीतों व नगाड़ों के मदमस्त थापों के बीच बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक होलिका दहन किया गया तथा सुबह होते ही एक-दूसरे को रंग लगाकर सारे भेद-भाव मिटाने गले मिलने की प्रक्रिया शुरु हो गई। नगर सहित जिले के चौक-चौराहों में खुशी का माहौल रहा, रंग-गुलाल उड़ाते रहे बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाओं सभी ने सद्भावना पूर्ण ढंग से होली खेली। इधर इस वर्ष अन्य वर्षों की अपेक्षा मुर्गे, मटन व मछली की खूब बिक्री हुई। होली पर्व को ध्यान में रख कर कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देशन में फ्लैग मार्च निकाला गया जिसमे जिले के सभी जिले के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। होली को शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण मनाने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की गई थी। साथ ही पूरे शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस प्रशासन द्वारा फिक्स पाइंट भी बनाए गए थे, जहां पर इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी तैनात है, जो निरंतर पेट्रोलिंग करते रहे।



नगाड़ों की थाप पर फाग गीत गाते लोग।

## ऑल इंडिया लीनेस क्लब ने मनाया होली उत्सव



**सक्ती।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स सी जी -1 स्वर्णिम सक्ती क्लब की चार्टर अध्यक्ष लीनेस शहनाज बानो की अध्यक्षता में होली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन लीनेस निधि सिंह के निवास के बगीचे मे रखा गया। सभी महिलाओं ने लड्डू गोपाल और राधाकृष्ण की पूजा अर्चना कर एक दूसरे को रंग, बिरंगे गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सचिव निकहत करीम मलिक ने कहा कि प्रेम और सद्भाव का पर्व है होली यह उत्सव आपसी मतभेदों को भुला कर प्रेम के रंग में रंग जाने का उत्सव है। कोषाध्यक्ष माइक्रो चेयरपर्सन लीनेस प्रिया दुबे ने कहा कि हमारा यह होली का त्यौहार जो हमें अपनों से जोडे रखता है वो हमारी सांस्कृतिक धरोहर है सभी महिलाओं ने फागुनी गीत और फिल्मी गीत, नृत्य के साथ फूलों और गुलाल की होली खेली। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर को सफल बनाने में निधि सिंह के साथ क्लब के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर लीनेस डॉक्टर शालू पाहवा , लीनेस मंजु जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष लीनेस अल्का कंवर, लीनेस अनीता सिंह, लीनेस विजिया जायसवाल, प्रोजेक्ट डायरेक्टर लीनेस सुमन सिंह,लीनेस जमुना जायसवाल, लीनेस अनीता राठौर, माइक्रो चेयरपर्सन लीनेस मनीषा भारद्वाज, चेयरपर्सन लीनेस मीरा देवांगन, लीनेस कुशल दर्शन, लीनेस रीता राज, लीनेस ललिता साहु, माइक्रो चेयरपर्सन लीनेस विनिता जायसवाल, जूनियर अध्यक्ष लीनेस पायल साहू कोषाध्यक्ष लीनेस रागिनी साहू, आकांक्षा ,सहित अन्य सदस्य उपास्थित रहे।

## उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया होली



**बम्हनीडीह।** नगर पंचायत बम्हनीडीह में होली का पर्व पूरे उत्साह और पारंपरिक जोश के साथ मनाया गया। सुबह से ही गली-मोहल्लों में रंगों की बौछार शुरू हो गई थी। युवाओं की टोलियां होली के गीत गाते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाती नजर आईं। होली के दिन बम्हनीडीह के गली मोहल्लों में रंग-बिरंगे गुलाल से लोग सराबोर दिखे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं। कई स्थानों पर पारंपरिक नंगाड़ों की धुन पर युवाओं ने नृत्य किया ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोग झूमते रहे और त्योहार का आनंद लेते रहे। होली के अवसर पर घरों में विशेष पकवान तैयार किए गए गुजिया, दही बड़ा, मालपुआ, जलेबी और अन्य पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू से माहौल महक उठा। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर मिठाइयों का आदान-प्रदान किया और प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया परिवार और रिश्तेदारों के साथ बैठकर पकवानों का आनंद लिया गया ।

**चौक-चौराहों पर दिखी रौनक, युवाओं की टोलियां रहीं सक्रिय**-त्योहार के दौरान मुख्य चौक-चौराहों पर खास रौनक देखने को मिली रंग खेलते हुए युवाओं की टोलियां पूरे दिन सक्रिय रहीं। सोशल मीडिया पर भी होली की तस्वीरें और वीडियो साझा किए गए। शहर के कई स्थानों पर सामूहिक रूप से होली मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जहां लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। होली के दौरान पूरे बम्हनीडीह क्षेत्र में पुलिस द्वारा सख्त निगरानी रखी गई। चौक-चौराहों और प्रमुख मार्गों पर लगातार गश्त की गई, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो पुलिस की मौजूदगी से लोगों ने सुरक्षित वातावरण में त्योहार मनाया प्रशासन की सक्रियता के चलते होली का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ ।

## जागरूक वीरांगना बहुउद्देशीय सेवा समिति ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई होली

**बाराद्वार।** जागरूक वीरांगना बहुउद्देशीय सेवा समिति ने प्राकृतिक कलर का चयन करके शक्ति में स्थित दृष्टि दिव्यांग विशेष विद्यालय में जाकर बच्चों के साथ रविवार को होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया। स्कूल में जाकर स्कूल



स्टॉफ और बच्चों को हर्बल गुलाल लगाकर सभी ने होली के गीतों के साथ नृत्य किए, जिससे पूरा वातावरण उत्साह से भर गया। बच्चों के साथ गीतों का आनंद लिए। सभी ने मिलकर होली गीत गए। इस अवसर पर वीरांगना आकांक्षा सिंह ने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ रंग के महत्व के बारे में समझाया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से गाने में साथ स्वर रहते हैं, उसी प्रकार से रंगों में भी सात रंग होते हैं, बाकी सभी रंग उन्हीं से मिलकर बने रहते हैं। उन्होंने सरगम और रंगों की सामान्य करके उसके महत्व को बताया। वह जीवन में रंगों का क्या महत्व है इसके बारे में बताया और बच्चों को यह महसूस बिल्कुल भी नहीं होने दिया कीवे रंग देख नहीं सकते हैं। इस अवसर पर वीरांगना अनीता सिंह,सुमन सिंह,वन्दना सिंह, पायल शर्मा,सीता सिंघल,रंजना अग्रवाल,राधा कलानोरिया, सुमित्रा कलानोरिया सहित वीरांगनाएं उपस्थिति रहे।

## होली पर उपद्रव करने वालों के खिलाफ पुलिस ने की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

होली पर्व के दौरान कानून- व्यवस्था भंग करने एवं शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में नवागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात लगभग 2 बजे थाना नवागढ़ की पेट्रोलिंग पार्टी ग्राम राछाभाटा से सेमरा- बुढ़ेना की ओर पेट्रोलिंग कर रही थी। ग्राम बुड़ेना में कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मुख्य मार्ग पर लकड़ी एवं पत्थर रखकर आवागमन बाधित किया गया था। पुलिस पार्टी द्वारा मार्ग से अवरोध हटाया जा रहा था, तभी छिपे हुए व्यक्तियों द्वारा पुलिस के शासकीय वाहनों पर पत्थर फेंके गए, जिससे दोनों वाहनों के सामने एवं पीछे के शीशे टूट गए। घटना के पश्चात आरोपी मौके से भागने लगे, जिनमें से कुछ को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में बुड़ेना निवासी अनीश यादव पिता शिवदयाल यादव उम्र 19 वर्ष, साहिल यादव पिता केशव यादव उम्र 21 वर्ष, राज कश्यप पिता लोकेश कश्यप उम्र 19 वर्ष, सुखराम कश्यप पिता अशोक कश्यप उम्र 22 वर्ष, परमेश्वर यादव पिता रामलाल यादव उम्र 22 वर्ष शमिल है। आरोपियों के विरुद्ध थाना नवागढ़ में धारा 126(2), 324 (3), 221, 132, 191(2) बीएनएस एवं लोक





पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

संपत्ति नुकसानी निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3(1) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में नवागढ़ टीआई कमलेश कुमार सेडे, सहायक उप निरीक्षक रामकृष्ण आदित्य, प्रधान आरक्षक शिवनंदन जलतारे, आरक्षक राम सरकार, अमन राजपूत, देवराज लेसर, अभिषेक जायसवाल एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

## नाबालिक बच्चों को कोल्ड ड्रिंक में शराब पिलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** नाबालिक बच्चों को कोल्ड ड्रिंक में शराब पिलाने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने गांव में होली उत्सव के दौरान नाबालिकों को दबावपूर्वक कोल्ड ड्रिंक में शराब मिलाकर पिलाया था। आरोपी के कब्जे से शराब की बोतल और डिस्पोजल जप्त किया गया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 3 मार्च को जिला अस्पताल से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम सुकली में होली उत्सव के दौरान सोनू दरवेश उम्र 34 वर्ष निवासी इंदिरा आवास वार्ड नंबर 4 भाटापारा सुकली द्वारा नाबालिक बच्चों को कोल्ड ड्रिंक में शराब मिलाकर पिला दिया है, जिससे बच्चों को शराब के नशे में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## बच्चा चोर की अफवाह पर अकलतरा में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के अंधियारी पाठ क्षेत्र में 5 मार्च गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, जब मोहल्ले के लोगों ने एक संदिग्ध महिला को बच्चा चोर समझकर घेर लिया। स्थानीय लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए महिला को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

जानकारी के अनुसार, अंधियारी पाठ में कुछ लोगों ने उक्त महिला को बच्चों के आसपास घूमते और उनके साथ बैठे देखा। महिला का व्यवहार असामान्य लगने पर लोगों को संदेह हुआ कि वह बच्चा चोरी करने वाली गिरोह की सदस्य हो सकती है। इसके बाद मोहल्ले के लोगों ने उसे रोककर पूछताछ की और पुलिस को सूचना दे दी।इसी दौरान कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर भी नगर में बच्चा चोरों की टोली घूमने की बात कहकर संदेश वायरल कर दिया, जिससे क्षेत्र में थोड़ी देर के लिए दहशत का माहौल बन गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने महिला को अपने संरक्षण में लेकर पूछताछ और जांच की। विवेचना के दौरान पता चला कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त है और उसका बच्चा चोरी से कोई संबंध नहीं है। इसके बाद पुलिस ने मानवीय पहल करते हुए महिला को जांजगीर स्थित सखी सेंटर के सहयोग से आवश्यक देखभाल और सहायता उपलब्ध कराई। वहीं मोहल्ले के कुछ लोगों का कहना है कि वर्तमान समय में बच्चा चोरी की घटनाओं और अफवाहों को देखते हुए उन्होंने सतर्कता बरती है। फिलहाल पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध स्थिति में अफवाह फैलाने के बजाय तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि मामले की सही जांच की जा सके और अनावश्यक भ्रम की स्थिति न बने।

## अनाचार के आरोपी को पुलिस ने मुंगेली से पकड़ा

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ पुलिस ने अनाचार करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को जिला मुंगेली से पकड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मानपुर जिला मुंगेली निवासी कोमल प्रसाद उम्र 29 साल ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर लगातार दैहिक शोषण किया। पीड़िता की सूचना पर पुलिस ने 18 फरवरी को थाना पामगढ़ में धारा 69 भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी कोमल प्रसाद घटना के बाद से फरार हो गया था। पुलिस ने सायबर तकनीकी के माध्यम से मुंगेली से पकड़ा। हिरासत में लेकर पूछताछ करने जुर्म स्वीकार किये जाने से न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## गलत इंजेक्शन से बच्चे की मौत, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

**हसौद।** सक्ती जिले के हसौद में गलत इलाज व इंजेक्शन लगाने से 8 वर्षीय की मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह करीब 3 बजे की है। जानकारी के अनुसार हसौद निवासी रामरतन यादव के बेटे करण को सोमवार रात में करीब 8 बजे पेट में तेज दर्द हुआ। दर्द होने पर परिजन दवाई खिलाने के बाद उसे हसौद के निजी अस्पताल मां महामाया में लेकर पहुंचे, वहां पहुंचने के बाद रात में उसे इलाज के लिए भर्ती किया गया था। यहां करीब चार से पांच घण्टे बाद उपचार के दौरान उसकी अस्पताल में ही मौत हो गई थी। इध अस्पताल प्रबंधन नेबच्चे की हालात गंभीर है कहकर रेफर करने का प्रयास किया गया। परिजनों को कुछ समझ में नहीं आया और वे बच्चे के शव को घर लेकर गए, जिसके बाद आसपास के लोगों को जानकारी हुई तब धीरे धीरे घटना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से लेकर कलेक्टर को दी गई। इसके बाद जांच के लिए हसौद तहसीलदार, बीएमओ जैजैपुर, हसौद थाना प्रभारी परिजन के घर



मामले की विवेचना करती पुलिस।

पहुंचे और जांच शुरू की। उसके बाद डभरा एसडीओपी भी पहुंचे जिसके बाद परिजनों से पूछताछ कर पंचनामा किया गया और शव को पीएम के लिए भेजा गया। साथ ही इस पूरे मामले पर पीएम के बाद कलेक्टर ने जांच टीम गठित की है। जांच टीम द्वारा जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने जांच टीम को मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## नेगुरडीह में पुरानी रंजिश ने लिया उग्र रूप, दो पक्षों में जमकर झड़प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नेगुरडीह में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और जानलेवा

- **पुलिस ने दोनों पक्ष के खिलाफ दर्ज किया मामला, 10 गिरफ्तार**

हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले को नियंत्रित किया। दोनों पक्षों के कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम नेगुरडीह में 2 मार्च की रात लगभग 10 बजे पुरानी दुश्मनी ने हिंसक रूप ले लिया। प्रार्थी जगराम कश्यप निवासी खैरताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई





पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

कि उसके पुत्र अमन कश्यप के साथ कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गया। सूचना मिलने पर जब वे मौके पर पहुंचे तो उन्हें भी आरोपियों ने नहीं बख्शा और मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी गौतम यादव ने शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि विनय कश्यप एवं उसके साथियों ने एक राय होकर हमला कर दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल दोनों पक्षों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई शुरू की। ताबड़तोड़ दबिश देकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पहले पक्ष के गिरफ्तार आरोपियों में संजय कुमार कश्यप उर्फ भुरू उम्र 27 वर्ष, तिहारू राम कश्यप उम्र 59 वर्ष, शरद कुमार कश्यप उम्र 25 वर्ष, गौतम यादव उम्र 19 वर्ष, महेन्द्र कुमार, कश्यप उम्र 25 वर्ष (सभी निवासी ग्राम नेगुरडीह एवं दूसरे पक्ष के गिरफ्तार आरोपियों में विनय कश्यप उम्र 25 वर्ष), पप्पू यादव उर्फ अविनाश उम्र 22 वर्ष, अतुल यादव उम्र 19 वर्ष, राजा बरेट उम्र 21 वर्ष, सरवन बरेठ उम्र 22 वर्ष वर्ष शमिल है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार सेंडे के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक रामकृष्ण आदित्य एवं थाना स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही।





